समस्या | सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में मवेशी काल के गाल में समा रहे

# सड़कों पर निराश्रित मवेशियों का जमावड़ा



**नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में आवारा मवेशियों की समस्याएं फिर सामने आने लगी है।वर्ष भर इन मवेशियों को गुपचुप तरीके से कत्ल खाने चले जाने के साथ सैकड़ों मवेशी बाहन दुर्घटना में असमय काल के गाल में समा जाने के उपरांत वरसात के दिनों में पशुपालकों द्वारा बांधने छोड़ने और चारे भूसा की समस्या के चलते तेंदूखेड़ा तरफ छोड़कर चले जाते हैं। बहुत मवेशियों की सेहत अच्छी देख कुछ मौकापरस्त लोग जो ऐसे आवारा मवेशियों को देख आस पास के मवेशी बाजार में जाकर बेंच देते हैं। या कुछ मवेशी जंगली क्षेत्रों में भाग जाते हैं। तो कुछ मवेशी बड़े समूह झुंडों को देख स्वयं शामिल हो जाते हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र में आज यही स्थिति बनीं हुई है कि बड़ी संख्या में मवेशियों के झुंड एन एच 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग के साथ गाडरवारा तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग तथा नगर के विभिन्न हिस्सों में खड़े बैठे देखे जा सकते हैं। स्तिथि यह बनीं हुई है कि आये दिन बड़ी संख्या में मवेशी सड़क दुर्घटनाओं में काल के गाल में समाते चले जा रहे हैं। यही मवेशी खेतों में खड़ी फसलों को अपना निवाला बनायेंगे। कृषक भी परेशान होंगे इन सभी समस्याओं से निजात दिलाने की दिशा में तेंदूखेड़ा के समीप ऊमरपानी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाली दाने बाबा की पहाड़ी या मरावन ग्राम पंचायत के अंतर्गत उपयुक्त स्थान साबित हो सकता है।

### शोपीस बनकर रह गई गौ शालायें

शासन के द्वारा जिस उद्देश्य को लेकर उक्त गौ शालाओं का गांव गांव निर्माण कराया गया था वह अपने उद्देश्य से भटककर केवल शोपीस बनकर रह गई है। इन गौ शालाओं की आड़ में कुछ पंचायतें केवल अपनी उदर पूर्ति का जरिया मान बैठी है तो कुछ संचालन करने वाले समूह अपनी बपौती समझ बैठे हैं। जिस क्षमता से इन गौ शालाओं को बनाया गया है उनमें चारे भूसा पानी का बहाना बनाकर केवल स्वयं के मवेशी बांधे छोड़े जा रहे हैं वाकी सब सड़कों पर आवारा मवेशी के रूप में दिखाई दे रहे हैं।केवल गौ माता का दिखावा करने वालों की ही इच्छा शक्ति की बजह से ही आज गौ माता यहां वहां भटक रही है।

### निगरानी की जरूरत

जहां चारे पानी की व्यवस्था के साथ हजारों मवेशियों को सुविधाओं के साथ पनाह स्थली बनाई जा सकती है। पूर्व में भी इस तरह की जानकारी ज्ञापनों के माध्यम से जवाबदार पक्षों को भी दी गई थी। लेकिन यह विषय नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गई। केवल एक गौ शाला निर्माण की राशि मात्र ही यदि यहां खर्च हो जाती तो एक अभ्यारण्य शुरू हो सकता है। छाया के लिए चार पांच बड़े शेड पानी को अलग-अलग टांक और तार बाड़ी से ही बहुत कुछ काम बन जाएगा। तेंदूखेड़ा और आस पास के जितने भी आवारा मवेशी यहां वहां विचरण किया करते हैं। वे सभी यहां पर छोड़े जा सकतें हैं। केवल कसाईयों और उनको संरक्षण देने वाले दानवों से बचाव करते हुए बस निगरानी की जरूरत होगी। इस व्यवस्था में गौ सेवकों को भी जवाबदारी मील का पत्थर साबित हो सकती है ।



## तीसरे सोमवार को हुये शिव अभिषेक

**तेंदूखेड़ा।** भगवान भोलेनाथ को आराधना का पावन पुनीत मास श्रावण मास के तीसरे सोमवार को जगह-जगह भगवान भोलेनाथ के अभिषेक पूजन अर्चन किये गये। शिवालयों में सुबह से ही अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया। वहीं जगह जगह अखंड रामायण पाठों का आयोजन किया गया है। रात्रि के समय श्री राम रसिया भक्त मंडल के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ की श्रृंखला चलाई जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं नगर में धार्मिक वातावरण देखने को मिल रहा है। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को जगह जगह से कांवर यात्राएं निकाली गई। पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट से विशाल कांवर यात्राएं निकाली गई इस मौके पर मां नर्मदा के कृपा पात्र अवधूत दादा गुरु जी की उपस्थिति में आर्यावर्त सांस्कृतिक सामाजिक संस्था के द्वारा ककरा घाट से शिव मंदिर गाडरवारा तक विशाल कांवर यात्रा निकाली गई।

# पुलिस की त्वरित कार्रवाई से अपराधी सलाखों के पीछे



**साईखेड़ा।** थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई आपराधिक घटनाओं पर पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए समाज में भरोसा फिर से कायम किया है। दो अलग-अलग बलात्कार के मामलों और एक हत्या की घटना में पुलिस को सूचना मिलते ही सक्रियता दिखाई गई और सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया गया।

■प्रथम घटना में, परिजनों द्वारा अपराध पंजीकृत कराया गया, जिसमें एक नाबालिग को उसी के गांव के नाबालिक लड़के ने धमकी देकर अप्रैल माह से लड़की के साथ बलात्कार कर रहा था। दिनांक 16/07/2025 को नाबालिक बच्ची को उस नाबालिक लड़के ने अन्य दो नाबालिक दोस्तों के साथ लड़की को धमकी देकर स्कूल के पास बुलाया जहां सभी ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म करते हुए वीडियो बनाया और इस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया साईं खेड़ा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर एक नाबालिक को नरसिंहपुर तथा अन्य दो नाबालिक को सिवनी के संप्रेषण गृह में भेज दिया है।

■दूसरे मामले में 257/25 अपराध पंजीकृत किया इसमें बम्होरी कला में एक महिला को घर में अकेला पा कर आरोपी दर्शन सिंह अहिरवार ने महिला के साथ बलात्कार किया, पति के आने पर आरोपी ने पति को भी चोट पहुंचाई तथा भाग गया पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 14/07/2025 को आरोपी को हिरासत में लेकर जेल पहुंचा दिया।

■वहीं तीसरे और गंभीर हत्या का मामला बांसखेड़ा का है । 22.7.2025 को दोपहर 3ः00 बजे नाबालिक बालक होमवर्क की कॉपी लेने घर से निकला जो घर नहीं पहुंचा परिजनों को सूचना पर थाना साईं खेड़ा में 23.7.2025 को गुमशुदगी का मामला धारा 37 (2) के तहत 265/25 अपराध पंजीकृत किया गया । पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए तकनीकी एवं पूछताछ के माध्यम से गांव के ही संदीप गुर्जर एवं एक अन्य नाबालिक को पकड़ा। पुलिस पूछताछ में आरोपीयों ने नाबालिक के साथ घटना करना स्वीकार किया घटना का कारण मृतक द्वारा अधिक ब्याज पर पैसे लेना बताया गया दोनों आरोपी ऑनलाइन गेमिंग के लिए ब्याज पर पैसे लेकर गेम खेलते थे अधिक कर्ज हो जाने के कारण कर्ज से बचने के लिए हसिये से बालक को मार कर गन्ने के खेत में फेंक दिया दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है । इस सम्पूर्ण कार्यवाई में पुलिस उपाधीक्षक रत्नेश मिश्रा, थाना प्रभारी प्रकाश पाठक, थाना चीचली प्रभारी संग्राम सिंह, सहायक निरीक्षक सतीश राजपूत, सुधीर, अमन, आदर्श, दीपक, सत्या की भूमिका रही।



# सालीचौका में खुले उप तहसील कार्यालय

**सालीचौका।** विगत दिवस भाजपा नेता डॉ प्रखर राय द्वारा जनता के हितों और समस्याओं का ध्यान रखते हुए जनहित हेतु गाडरवारा तहसील के अनुविभागीय अधिकारी ब्यारे एवं चिचली ब्लॉक के नायब तहसीलदार नितिन राय से मुलाकात करी गई इस दौरान राय द्वारा अधिकारियों को बताया गया कि सालीचौका क्षेत्र की जनता को तहसील व राजस्व संबंधित कार्य कराने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है धूप /बारिश में बुजुर्गों को 20 किलोमीटर सफर करना पड़ता है आम जन की सुविधाओं हेतु उप तहसील कार्यालय नगर सालीचौका में खुले साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा माह में 2 दिवस जन सुनवाई आयोजित करी जाए।

# प्रदेश के शिक्षा मंत्री की जिले को शैक्षणिक सौगात




**गाडरवारा।** मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री माननीय उदय प्रताप सिंह के निर्देश पर नरसिंहपुर जिले में विभिन्न विद्यालयों की उन्नयन एवं आवश्यक संसाधनों हेतु 9 करोड़ 54 लाख की राशि स्वीकृत की है। नरसिंहपुर जिले में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं हाई स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष, प्रयोगशाला, सिविल कार्य, कूलर, ग्रीन बोर्ड, कैमरा, विद्यार्थी तथा शिक्षकों हेतु फर्नीचर, इंटरेक्टिव पैनल आदि विविध कार्यों के लिए स्वीकृत की गई राशि के अंतर्गत विधानसभा गाडरवारा की हाईस्कूल बड़ागांव में 5 अतिरिक्त कक्ष, 1 लैब हेतु 98.06 लाख रुपए, हाईस्कूल प्रेमपुर में 3 अतिरिक्त कक्ष, 1 लैब हेतु 68.67 लाख, हाईस्कूल मालनवाड़ा इकलोनी में 3 अतिरिक्त कक्षा, 1 लैब हेतु 68.67 लाख, हाईस्कूल निवारी में 1 अतिरिक्त कक्ष, 1 लैब हेतु 38.94 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल मिडवानी में 1 अतिरिक्त कक्ष, 3 लैब हेतु 63.09 लाख, 3 लैब हेतु 63.09 लाख, हाईस्कूल झाझनखेड़ा में 3 अतिरिक्त कक्ष, 1 लैब हेतु 68.67 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल आड़ेगांव में 1 अतिरिक्त कक्ष, 3 लैब हेतु 63.09 लाख, हाईस्कूल सिरसिरी में 2 अतिरिक्त कक्ष, 1 लैब हेतु 53.1 लाख, हाईस्कूल पनागर में 1 अतिरिक्त कक्ष, 1 लैब हेतु 38.94 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल बसूरिया में 2 अतिरिक्त कक्ष हेतु 34.55 लाख, नरसिंहपुर विधानसभा के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल नयाखेड़ा बांसादेही में दो अतिरिक्ष कक्ष, तीन लैब हेतु 77.25 लाख, तेंदूखेड़ा विधानसभा के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल देवरी राजमार्ग में एक अतिरिक्त कक्ष, 3 लैब हेतु 63.09 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल डोभी में 2 अतिरिक्त कक्ष हेतु 34.55 लाख , हायर सेकेंडरी स्कूल चीकसा में 63 लाख , गोटेगांव विधानसभा के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल भैंसापाला में 1 अतिरिक्त कक्ष, 3 लैब हेतु 63.09 लाख, हाई स्कूल खापा (शेर) में 1 अतिरिक्त कक्ष, 1 लैब हेतु 38.94 लाख, हाई स्कूल डुडवारा 18.50 लाख की राशि स्वीकृत की गई है।



# नर्मदा में बाढ़, फिर डूब में आयेगा संपबेल

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों लगातार हुई अनवरत बारिश से पानी के बढ़ते दबाव को देखते हुए बरगी डेम के गेट खुलने से नर्मदा नदी किनारे करोंदी घाट में बनें संपबेल जहां से तेंदूखेड़ा पानी आता है। वह डूब क्षेत्र में आ जाने के कारण नगर में 21 दिनों तक पानी नसीब नहीं हुआ था। जैसे तैसे गेट बंद होने के बाद पानी आना शुरू ही हुआ था कि अचानक फिर से वारिस जारी होने तथा बरगी बांध के गेट पुनः खुलने से जहां नर्मदा में बाढ़ का पानी होने के कारण बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। वहीं करोंदी घाट में लगा संपबेल भी डूब में आ गया है। इससे निश्चित तौर पर पानी का आना पुनः बंद हो सकता है। और नगर की पेयजलापूर्ति पुनः लड़ खड़ा सकती है।

## एक नजर में

### रुद्र सेना के तत्वावधान में निकली कांवड़ पदयात्रा

**करेली।** के मनोकामेश्वर मंदिर में आज रुद्र सेना के तत्वावधान में कबाड़ पदयात्रा का भव्य आयोजन हुआ, श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बसों के माध्यम से नर्मदा नदी के सतधारा घाट पहुंची, वहां स्नान, पूजन व मां नर्मदा की विधिवत आराधना के बाद कांवड़िया ने पदयात्रा शुरू की। डमरू, शंख, और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ श्रद्धालु करेली के मनोकामेश्वर मंदिर तक पैदल पहुंचे , यात्रा के दौरान सुंदर-सुंदर झांकियां सजाई गईं, जिनमें भगवान शिव, नंदी और राष्ट्रीय झलक दिखाई दी। मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का नर्मदा जल से अभिषेक किया और धर्मलाभ प्राप्त किया।

### हरियाली तीज की रोनक में मग्न हुये सोफिया स्कूल के बच्चे, संस्था में मनाया गया ग्रीन डे

**गाडरवारा।** निश्चित तौर से हरियाली व्यक्ति की जिन्दगी में कितना महत्व पूर्ण स्थान रखती है। इस सच्चाई से अवगत कराने के लिये शिक्षण संस्थाओं में बच्चों के बीच इस तरह के ज्ञान वर्धक आयोजन कराये जाते हैं जिससे बच्चों में हमारी प्रकृति के प्रति जागरूकता का संचार पैदा करती है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये हरियाली तीज के अवसर पर नगर की जानी माने अंग्रेजी माध्यम की शिक्षण संस्था सोफिया कॉन्वेंट हाई स्कूल द्वारा ग्रीन डे का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के नन्हें मुन्ने बच्चे ग्रीन कलर के सुन्दर सुन्दर वस्त्र पेड़ व फल की तरह वस्त्र यानि की स्कूली ड्रेस तथा उनके लंच वाक्स में भी हरे ही रंग का पोषण अहार लेकर आये हुये थें। इस दौरान बच्चों ने शानदार हरियाली के बीच शानदार प्रस्तुति दी गई। वही दूसरी बच्चों ने अपनी ड्रेस में अंगूर, तरबूज सहित अन्य फलों के कट आऊट तैयार किये गये थें। इस दौरान स्कूल की शिक्षिकाओं द्वारा जहां बच्चों को पर्यावरण के महत्व व उसके संरक्षण से अवगत कराते हुये जरूरी जानकारी दी गई। वही संस्था के संचालक रमाकांत कौरव द्वारा बच्चों को पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये पौधा रोपण के लिये जागरूक किया गया। वही कार्यक्रम का संचालन हेमलता भार्गव द्वारा किया गया तो दूसरी ओर इसमें अहिम भूमिका शिक्षिकाओं की अहिम भूमिका देखने मिली। इस तरह हरियाली महोत्सव के दौरान जिस तरह शिक्षण संस्था को हरियाली की चुनरी पहनाई गई थी वह बच्चों के लिये आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूका।

### डॉ. कलाम की पुण्य तिथि पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**गाडरवारा।** गत दिवस ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में बालसभा के अवसर पर देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने डॉ कलाम के चित्र पर तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात बालसभा में छात्र छात्राओं ने विज्ञान शिक्षक मधुसूदन पटैल के निर्देशन में डॉ कलाम सहित विज्ञान विषय से संबंधित त?त चालक, बर्नर की ज्वाला,मिसाइल, लटका हुआ चुंबक, स्थेटोस्कोप, थर्मामीटर, गुलाब के पौधे का तना, रहट, अमीबा, प्रकाश संश्लेषण, मानव हृदय, श्वसन तंत्र, पाचन तंत्र, ऊष्मा का संवहन,विद्युत् के सुचालक,कुचालक सहित अनेक चित्र बनाकर उनके विषय में प्रस्तुतीकरण किया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षावार प्रथम तीन स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को मेधावी विद्यार्थी सम्मान कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा। बालसभा में प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव ने कहा कि डॉ कलाम महान वैज्ञानिक थे। उन्हें मिसाइल मैन भी कहा जाता था।




### नाग पंचमी पर्व आज

**नरसिंहपुर ।** चौरसिया समाज नरसिंहपुर दिनांक 29 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को शगुन मैरिज गार्डन में प्रातः 9ः00 बजे से शिवजी का अभिषेक पूजन अर्चना होगा वाहन रैली शगुन मैरिज गार्डन से बाहरी रोड होते हुए स्टेशन होते हुए मेन रोड से शगुन गार्डन बापस आयेगी दिवंगत सामाजिक बधुओ को श्रद्धांजलि कार्यक्रम और महिला मंडल द्वारा प्रतिभाशाली छात्राओं का सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रसादी भंडारा का आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर चौरसिया समाज की सभी प्रतिष्ठान पूर्ण रूप से बंद रहेंगे।



# श्रीनगर से झांसीघाट तक निकाली भव्य कांवड़ यात्रा

**गोटेगांव।** समीप ग्राम श्रीनगर से मां नर्मदा झांसी घाट तक क्षेत्रीय युवाओं ने भव्य मोटरसाइकिलों से कावड़ यात्रा निकाली जिसमें श्रीनगर सहित आसपास के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र से युवाओं ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर लगभग 1000 कावड़िया शामिल हुए, कावड़ यात्रा की शुरुआत श्रीनगर ग्राम से ढोल नगाड़े डीजे बाजे गाजे के साथ-साथ भोले बाबा के जय गोष के साथ बगासपुर गोटेगांव होते हुए मां नर्मदा तट झांसीघाट पहुंची जहां कांवरियों ने मां नर्मदा मैयाजी की पूर्ण विधि विधान मंत्रउच्चारण के साथ पूजन अर्चन आरती बंधानकर मां नर्मदा का जल अपने कावड़ में लेकर पुनः वापस अपने श्रीनगर ग्राम पहुंचे जहां गांव के अति प्राचीनतम शिव मंदिर में सभी कांवरियों ने भगवान महादेव को जल अर्पित कर उनका महाअभिषेक पूजन अर्चन करने के उपरांत आरती बंधन प्रसाद वितरण किया गया जिससे पूरा श्रीनगर ग्राम संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में बदल गया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी श्रद्धालु बंधु व पुलिस प्रशासन की व्यवस्थाएं सराहनीय रही !

# कर्मों का फल स्वयं को भोगना पड़ता है



**गोटेगांव।** वह व्यक्ति जो अपना जीवन धर्मवान, उत्तम बनाने के लिए किसी आदर्श की खोज करता है और जब उसकी खोज पूरी हो जाती है तो वह उस आदर्श द्वारा अपनाएं गये या बतलाए गए धर्म पथ की ओर बढ़ते हुए धर्मवान हो जाता है। ऐसे ही आदर्श के सिरमौर हैं भगवान श्री राम । महापुरुषों के गुणों के बारे में कुछ भी कहना सूर्य को रोशनी दिखाने के समान है ।यह बात गोटेगांव में चातुर्मास के लिए विराजमान जैन मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज ने अपने धर्म प्रवचन में कहीं । जैन दर्शन में श्रवण संस्कृति का दृष्टिकोण है कि अनेकांतवाद ओर स्याद्वाद के चलते सभी जीवो को एक मानकर एक स्थान दिया गया है। मुनि प्रबुद्ध सागर महाराजजी ने कहा कि यदि आपको आदर्श मर्यादावान भगवान राम को समझना है तो आपको रावण को भी समझना होगा, यदि भगवान कृष्ण को समझना है तो फिर कंस को भी समझना होगा ठीक उसी तरह आपको यदि धर्म को समझना है तो फिर कर्म को भी समझना ही होगा। मुनि श्री ने धर्म की व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म की चेतना इंसानों के साथ पशुओं में भी पाई जाती है । जानवरों में भी दया होती है। सहानुभूति होती है। यदि आपका पुण्य रूपी समय समाप्त होता है तो फिर पाप कर्म का उदय होना भी तय है। और यदि पाप कर्मों के चलते परेशानियां हैं ।समय विपरीत चल रहा है तो कर्मों के कटते ही फिर से पुण्य रूपी कर्म प्रारंभ हो जाते हैं और सभी कार्य आसान होते हुए समय भी अनुकूल हो जाता है । ध्यान रखना कि आपके द्वारा किए गए कर्मों का परिणाम आपको स्वयं को झेलना पड़ता है। जब व्यक्ति के पाप कर्मों का उदय होकर बुरे दिन आते हैं तो सब कुछ बुरा ही बुरा होता है और जब पुण्य कर्मों का उदय होता है, अच्छे दिन आते हैं ,तो फिर हरेक समय, हरेक स्थिति में अच्छा ही अच्छा होता हैं। मुनिश्री ने आदर्श, जीवन उपयोगी धर्मवान बात कहते हुए कहा कि ध्यान रखना कि आपके द्वारा किए गए कर्मों के फल आपको ही स्वयं भोगना ही पड़ता है, क्योंकि जब पाप और पुण्य कर्म का बंध जीव ही करता है। और जब उस जीव के कर्मों का उदय हो जाता है तो निर्जरा भी वही करता है ।

# नवांकुर सखी हरियाली कलश यात्रा



**साईखेड़ा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नवांकुर योजना अंतर्गत नवांकुर सखी कार्यक्रम के अवसर पर सेक्टर क्रमांक 01 सांईखेड़ा के तुमडा ग्राम में मध्यप्रदेश शासन के माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के दिशानिर्देश मंशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद वि.ख. समन्वयक स्मिता दांडे के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तुमडा नवांकुर सखी हरियाली कलश यात्रा का आयोजन किया। जिसमें सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित, कन्यापूजन से संपन्न हुआ तथा अतिथियों का स्वागत किया गया एवं उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामवासियों को मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया , तत्पश्चात स्मिता ने नवांकुर सखी हरियाली कलश यात्रा कार्यक्रम कि विस्तृत जानकारी दी साथ ही हमारे बीच मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जनपद सदस्य शिवा त्रिवेदी ,सामाजिक कार्यकर्ता गौरीशंकर खेमरिया , स्व सहायता समूह सेक्टर अध्यक्ष एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नवांकुर सखी हरियाली यात्रा पर महिलाओं को संबोधित किया। वही माताओं बहनों के द्वारा हरियाली तीज पर भजनों के साथ वृक्षों के महत्व को रेखांकित किया इसी क्रम में हरियाली यात्रा पौध कलश यात्रा का प्रारंभ मां रामजंकी मंदिर से होकर बड़ा बजार के शिव मंदिर में समापन किया गया। रैली समापन के बाद नवांकुर सखियों को बिल्वपत्र पत्र बीज व पौधे दिए गए। इस अवसर पर वि.ख. समन्वयक स्मिता दांडे , नवांकुर संस्था अध्यक्ष राकेश खेमरिया, परामर्शदाता कुमारी सपना तोमर सचिव मुन्ना लाल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य, सखियां एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। आभार व्यक्त राकेश खेमरिया द्वारा किया गया ।

# पूनम, साक्षी एनसीसी केडेट्स ने शूटिंग स्पर्धा में लहराया परचम



**गोटेगांव।** नगर स्थित शासकीय सांदीपनी विद्यालय की दो एन.सी.सी. केडेट्स छात्राएं पूनम ठाकुर, साक्षी लोधी ने ग्वालियर में आयोजित एन.सी.सी. ग्रुप हेडक्वाटर स्तर की शूटिंग स्पर्धा में जबलपुर ग्रुप हेडक्वाटर का प्रतिनिधित्व करते हुए सफलता प्राप्त की है। इस चयन के उपरांत अब दोनो केडेट्स डायरेक्ट्रेट स्तर की प्रतिस्पर्धा हेतु ग्वालियर में आयोजित 20 दिवसीय प्रशिक्षण कैंप में हिस्सा लेंगी। इस प्रशिक्षण उपरांत ये दोनो केडेट्स दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में एन.सी.सी डायरेक्ट्रेट म.प्र. एवं छत्तीसगढ का नेतृत्व करेंगी। ज्ञातव्य है कि ये दोनो केडेट्स विगत एक माह से वन एम.पी. एन.सी.सी बटालियन जबलपुर के कमांडिंग आफिसर कर्नल समीर बोडास के निर्देशन में शूटिंग रेंज जबलपुर में सतत् अभ्यासरत् हैं। उनकी इस सफलता में विद्यालय के प्राचार्य एस.के. सिसोदिया सहित संपूर्ण स्टाफ की प्रेरणा रही है।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)**

(सुभाष वार्ड मेन रोड नरसिंहपुर-487001 फोन-07792-233731 फैक्स-07792-233731)
Email : cmonarsinghpur@mpurban.gov.in)

पत्र क्र.1578/ई-टेण्डर/2024-25 | **निविदा सूचना** | नरसिंहपुर, दिनांक : 28/07/2025

इस कार्यालय द्वारा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से Gem पोर्टल के माध्यम से एलम क्रम किये जाने हेतु ऑनलाईन Gem पोर्टल टेण्डर आई.डी. GEM/2025/B/6497441 के माध्यम से निविदाएँ आमंत्रित की गई है। निविदा की अनुमानित लागत 05 लाख रूपये है एवं निविदाकार Gem पोर्टल के माध्यम रूपये 5000.00 की धरोहर राशि जमा कर निविदा में भाग ले सकते है। निविदा में भाग लेने की अंतिम दिनांक 04/08/2025 का समय 17.00 बजे है। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन Gem पोर्टल पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। निविदा दिनांक 04/08/2025 का समय 17.30 बजे से खोली जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर (म.प्र.)**